# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती को शुद्ध पेयजल से अच्छादन हेतु दिनांक 05.05.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे आयोजित बैठक की कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 05.05.2026 को आयोजित **''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति''** की बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन फेज-2 के अन्तर्गत मेसर्स L&T एवं फेज-5 के अन्तर्गत मेसर्स GA INFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति हेतु आयोजित बैठक की कार्यवृत्तः-

**1. जल जीवन मिशन फेज-2 ( L&T )**

**1.1. नलकूप का कार्यः-** 124 परियोजनाओं में लक्षित 120 नलकूप के सापेक्ष वर्तमान तक 119 परियोजनाओं के नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण है एवं 118 नग नलकूप डेवलप किया गया है। फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि समस्त नलकूपों के छिद्रण विकास कार्य पूर्ण कर, उन सभी को संचालित किया जाए।

**1.2. वितरण** प्रणालीः- 124 परियोजनाओं में लक्षित 1919.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 1895.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा ज्वाइन्टिंग का कार्य प्रगति पर है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वाइन्टिंग एवं शेष बचे हुए वितरण प्रणाली का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

**1.3. एफ.एच.टी.सी.** प्रगतिः- 124 परियोजनाओं में लक्षित 78878 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 77452 नग गृह जल संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया कि अवशेष बचे सभी गृह संयोजनों को पूर्ण करते हुए क्रियाशील किया जाना सुनिश्चित करें।

**1.4. उच्च जलाशयः-** फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 नग परियोजनाओं में लक्षित 120 उच्च जलाशय के सापेक्ष 109 परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य टाप डोम/टैंक इरेक्शन तक पूर्ण है एवं 09 नग परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य प्रगति पर है तथा 02 नग परियोजनाओं के जलकल परिसर की अनुपलब्धता/विवाद होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है। निर्देश दिये जाते है कि टैंक Erection की टीम बढ़ाते हुए अवशेष 09 नग परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

**1.5. पम्प हाउस-** फर्म द्वारा वर्तमान तक 120 नग परियोजनाओं पर पम्प हाउस के सापेक्ष 118 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है, निर्देश दिये जाते है कि शेष पम्प हाउस का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**1.6. सोलर-** फर्म द्वारा वर्तमान तक 109 नग सोलर के सापेक्ष 103 नग सोलर प्लान्ट का अधिष्ठापन किया जा चुका है। अवगत कराया गया है कि अवशेष 06 नग बचे सोलर प्लान्ट पर

स्थू स्ंदक होने के कारण सोलर फाउण्डेशन का कार्य प्रारम्भ नही कराया जा सका है। जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया है कि शासनादेश द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए स्वयं सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**2. जल जीवन मिशन फेज- 5 (GA INFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED .)**

**2.1. नलकूप कार्य:-** 165 परियोजनाओं में लक्षित 181 नलकूप के सापेक्ष वर्तमान तक 176 परियोजनाओं के नलकूप का कार्य पूर्ण है एवं वर्तमान तक 171 नग नलकूप डेवलप का कार्य किया गया है। 05 नग नलकूप के छिद्रण का कार्य भूमि अप्राप्त होने के कारण शेष है जिनमें 04 नग परियोजनायें द्वितीय नलकूप की है एवं 01 नग परियोजना सिंगल नलकूप की प्रस्तावित है। निर्देशित किया जाता है कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं कार्यदायी फर्म स्वयं उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जलकल परिसर हेतु भूमि प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**2.2. वितरण प्रणाली:-** 165 परियोजनाओं में लक्षित 2567.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 2053.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति पर है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वाइन्टिंग एवं शेष बचे हुए वितरण प्रणाली का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

**2.3. एफ.एच.टी.सी. प्रगति:-** 165 परियोजनाओं में लक्षित 80224 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 78416 नग गृह संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया अवशेष बचे सभी गृह संयोजनों को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

**2.4. उच्च जलाशय:-** फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 परियोजनाओं में 170 अवर जलाशय लक्षित है परन्तु वर्तमान तक 160 उच्च जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है जिसमें से 49 नग उच्च जलाशय के इरेक्शन/टाप डोम तक कार्य पूर्ण किया गया है। निर्देशित किया गया कि उच्च जलाशय की टीम बढ़ाते हुए समस्त उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**2.5. पम्प हाउस-** 165 परियोजनाओं पर 181 नग पम्प हाउस के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान में 159 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण किया गया है , निर्देशित किया गया कि शेष पम्प हाउस के कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

**2.6. सोलर-** कार्यदायी फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित 165 नग परियोजनाओं में लक्षित 167 नग सोलर के सापेक्ष 82 नग सोलर की आपूर्ति की जा चुकी है जिसमें से वर्तमान तक 73 नग परियोजनाओं पर सोलर का कार्य पूर्ण किया गया है शेष का कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया है कि अवशेष योजनाओं पर सोलर का अधिष्ठापन कराकर योजना सोलर के माध्यम से संचालित करना सुनिश्चित करें।

**3. हर घर जल सर्टिफिकेशन:-** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत एसे सभी राजस्व ग्राम जिनमें

शत-प्रतिशत गृह संयोजन प्रदान/रिपोर्ट किये जा चुके है, उन राजस्व ग्रामों को ''हर घर जल'' सर्टिफाई किया जाना है। वर्तमान में जनपद में 150 राजस्व ग्राम ''हर घर जल'' रिपार्टेड के सापेक्ष 33 राजस्व ग्रामों का ''हर घर जल'' सार्टिफिकेशन लम्बित है। जनपद में कार्यरत फर्मो को निर्देशित किया गया कि 33 नग ''हर घर जल'' रिपोर्टेड राजस्व ग्रामों में योजना से सम्बन्धित समस्त कार्यों की पूर्णता, जलापूर्ति संचालन एवं वितरण प्रणली बिछाने के दौरान काटी गयी सड़कों के मरम्मत के कार्यो की पूर्णता सुनिश्चित कर, उक्त राजस्व ग्रामों की सूची अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से जिला पंचायतराज अधिकारी को उपलब्ध कराकर समन्वय स्थापित करते हुए आगामी माह की बैठक से पूर्व सर्टिफाइड कराना सुनिश्चित करें।

**4. ट्रायल एण्ड रन तथा आटोमेशनः**- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में फेज-2 में मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा प्रस्तावित 124 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 115 नग पाइप पेयजल परियोजनाओं के ट्रायल एण्ड रन आरम्भ कराकर 50 नग परियोजनाओं के ट्रायल एण्ड रन पूर्ण किये जा चुके है तथा वर्तमान तक 15 नग परियोजनाओं पर आटोमशन का कार्य पूर्ण किया गया है। फेज-5 के अन्तर्गत मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा वी.पी.एल. (जे.वी.) द्वारा प्रस्तावित 165 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 38 नग पाइप पेयजल परियोजनाओं के ट्रायल एण्ड रन आरम्भ कराकर 20 नग परियोजनाओं के ट्रायल एण्ड रन पूर्ण किये जा चुके है तथा वर्तमान तक 13 नग परियोजनाओं पर आटोमशन का कार्य पूर्ण किया गया है। दोनो फर्मो के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि ऐसी सभी परियोजनायें जिनमें संचालन एवं अनुरक्षण किया जा रहा है उन सभी परियोजनाओं पर आगामी बैठक से पूर्व आटोमेशन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

**5. योजनाओं का संचालन एवं रख-रखावः**- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में फेज-2 में मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा प्रस्तावित 124 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 66 नग परियोजनाओं का कार्य 90-100 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। जिनमें से 48 नग पाइप पेयजल योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में लिया जा चुका है तथा फेज-5 के अन्तर्गत मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा वी.पी.एल. (जे.वी.) द्वारा प्रस्तावित 165 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 30 नग परियोजनाओं का कार्य 90-100 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। जिनमें से 18 नग पाइप पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में लिया जा चुका है। निर्देशित किया गया है कि ऐसी परियोजनायें जिनके कार्य 90-100 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिये गये है, को 20 मई, 2026 तक योजना पर समस्त कार्य पूर्ण कर अनुरक्षण एवं संचालन में ले जाना सुनिश्चित करें।

**6. भूमि विवाद एवं अनुपलब्धताः**- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स **(GA INFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED** की 11 परियोजनाओं तथा मेसर्स एल.एण्ड.टी. की 02 परियोजना पर (भूमि अनुपलब्धता-5/पहुंच मार्ग-3/वृक्ष कटिंग-2/न्यायालय विवाद-2/नगर पालिका से सम्बन्धित-01) निर्माण कार्य कराने में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता

एवं सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क करते हुए उक्त भूमि विवादों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

**(I)** डी.पी.एम.यू. द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील इकौना से सम्बन्धित ग्राम पंचायत गोपालपुर एव शिवाजोत पाइप पेयजल योजना हेतु आवंटित जलकल परिसर में पेड़ो कटाई व नीलामी का कार्य तहसील स्तर पर लम्बित है। जिनका पूर्व में पेड़ो का मूल्य अधिक होने के कारण नीलामी नही हो पायी है। जिसे हेतु निर्देशित किया गया कि उपजिलाधिकारी, इकौना एवं प्रभागीय वनाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए पुनः मूल्यांकन कराकर यथा सम्भव उक्त का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

**(II)** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स **(GA INFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED** की 04 परियोजनायें एवं मेसर्स एल.एण्ड.टी. की 01 परियोजना पर भूमि की अनुपलब्धता है जिस हेतु निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क करते हुए उक्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए साथ ही उपलब्ध न होने की स्थिति में भूमि परिवर्तन विषयक हेतु अवगत कराया जाए।

**(III)** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स **(GA INFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED** की 03 पाइप पेयजल परियोजनाओं के जलकल परिसर में आवगमन हेतु पहुच मार्ग में स्थानीय लोगों द्वारा बाधा उत्पन्न की जा रही है तथा तहसील इकौना के अन्तर्गत खांवापोखर पाइप पेयजल योजना के निर्माण के लिए राजस्व विभाग द्वारा जो भूमि उपलब्ध करायी गयी है उसमें पहुंच मार्ग उपलब्ध नही है। जिस हेतु निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क करते हुए उक्त विवाद का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

**(IV)** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील भिनगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत राजापुर रानी के पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु राजस्व विभाग द्वारा लक्ष्मेदपुर (रूपन नगर) नगरीय क्षेत्र में भूमि आवंटित की गयी थी जिसपर नलकूप का कार्य पूर्ण एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य भू-तल तक पूर्ण होने के उपरान्त सम्बन्धित सभासद द्वारा कार्य में अवरोध उत्पन्न कर कार्य को रोकवा दिया गया था। उपजिलाधिकारी भिनगा द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रकरण में बोर्ड की प्रस्तावित बैठक में कार्य करने हेतु प्रस्ताव मिल गया है परन्तु वर्तमान में स्थानीय लोगो द्वारा पहुंच मार्ग पर बाधा उत्पन्न की जा रही है जिसका निराकरण 02 दिवस के अन्दर करा लिया जाएगा।

7. जीरो पावर्टी अभियानः- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जीरो पावर्टी सर्वे के दौरान कुल 5569 परिवारों का सत्यापन कर "हर घर जल" योजना के अन्तर्गत गृह संयोजन प्रदान किया जाना है जिसके सापेक्ष सत्यापन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें 1135 परिवार पूर्व से आच्छादित है तथा 4434 नग पात्र परिवार वंचित रह गये है। जिनको अभियान के अन्तर्गत कनेक्शन दिया जाना है। जनपद

में कार्यरत समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि 02 माह के अन्दर उक्त अभियान के अन्तर्गत पात्र परिवारों को कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित करें तथा साप्ताहिक आच्छादित पात्र परिवारों की सूची अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

8. आर.पी.डब्लू.एस.एस. आई.डी व सुजलाम आई.डी.:- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत फर्मों को आवंटित 330 परियोजनाओं की आर.पी.डब्लू.एस.एस. आई.डी. https://ejalshakti.gov.in/jjm2 पोर्टल पर जिलाधिकारी महोदया की लागिन आई.डी. से बनाई जानी है, के उपरान्त सुजलाम भारत एप्प के माध्यम से उक्त सभी योजनाओ के ( MVS) की जियो टैगिंग किया जाना है। वर्तमान तक 193 नग एकल ग्राम योजना ( SVS) एवं 01 नग ग्राम समूह योजना (MVS) परियोजनाओं की आई.डी. फाइनल सबमिट की जा चुकी है। निर्देशित किया गया है कि समस्त परियोजनाओं की आई.डी. हेतु विवरण तैयारकर अपलोड किया जाना एवं सुजलाम भारत एप्प के माध्यम से (MVS) की जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित करें।

9. जल सेवा आकलन:- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 से पूर्व हर घर जल प्रमाणित 111 नग ग्राम पंचायतों का श्रश्र्ड. 2ण्0 पर व्दइवंतकपदह ग्राम सचिवों द्वारा आकलन किया जाना है। जिसके सापेक्ष वर्तमान तक शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों का जल सेवा आकलन पूर्ण हुआ है।

10. नल जल मित्र:- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद अन्तर्गत निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायतों से ''नल जल मित्र'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों का नामांकन किया जाना है। जनपद में 397 ग्राम पंचायत में 483 नल जल मित्र का चयन किया जाना है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 274 नल जल मित्र का नामांकन किया जा चुका है। जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष बचे हेतु ग्राम पंचायत में नल जल मित्र का नामांकन कराना सुनिश्चित करें।

11. जे.जे.एम. पोर्टल.पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण :- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन/संचालित योजनाओं से सम्बन्धित शिकायत टोल फ्री नम्बर के माध्यम से जे.जे.एम. पोर्टल.पर प्राप्त होते है। वर्तमान तक प्राप्त 426 नग शिकायतों के सापेक्ष 71 शिकायतों का निस्तारण कार्यदायी फर्म स्तर पर लम्बित है। कार्यदायी संस्था/फर्मों को निर्देशित किया गया कि उक्त पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराते हुए फीडबैक लेना सुनिश्चित करें।

12. जल निगम (ग्रामीण) द्वारा निर्मित परियोजनायें :- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद 41 नग परियोजनायें पूर्व निर्मित है। जिनमें

वर्तमान में 3 नग पूर्ण क्षमता पर, 24 नग परियोजनायें आंशिक क्षमता पर संचालित है एवं 14 नग परियोजनायें असंचालित है जिनके पूर्णरूप से संचालन एवं रख-रखाव हेतु प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय प्रेषित है। निर्देशित किया गया है कि प्राक्कलन स्वीकृत होने के उपरान्त उक्त परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण क्षमता पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

**13. पेयजल योजनाओं में चोरी/व्यवधानः-** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो की 32 नग एवं मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा पी.पी.एल. (जे.वी.) की 38 नग पाइप पेयजल परियोजनाओं पर जल कल परिसर में लगे सोलर पैनल की बैट्री व केबिल की चोरी हो जाने तथा रोड चैड़ीकरण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारणों से परियोजनायें संचालित नही है। जिसके सापेक्ष एल.एण्ड.टी. द्वारा मात्र 04 नग परियोजनाओं के केबिल मरम्मत का कार्य पूर्ण कराकर संचालित की गयी है। सम्बन्धित कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया गया है कि आगामी बैठक से पूर्व उक्त सभी परियोजनाओ पर उत्पन्न व्यवधान का निस्तारण कराते हुए संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

**14. सोर्स सस्टेनब्लिटी प्लानः-** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 301 नलकूप डेवलपमेन्ट का कार्य किया गया है/किया जाना है जिसके अन्तर्गत निकासी जल मात्रा के सापेक्ष वाटर रिचार्ज सुनिश्चित किया जाना है। जिस हेतु सोर्स सस्टेनब्लिटी प्लान तैयार कर आपके समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति'' द्वारा आयोजित समीक्षा बैठकों की कार्यवृत को JJM पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्मो को कड़े शब्दो में निर्देशित किया गया कि जिन परियोजनाओं के शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण है उन्हे नियमित संचालित किया जाए एवं जिनके कार्य अपूर्ण है उन पाइप पेयजल योजनाओं के समस्त कार्यो को शीघ्र पूर्ण करते हुए परियोजनाओं को संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी

श्रावस्ती।

कार्य-II 467

पत्रांक 1293 /जल निगम/जल जीवन मिशन/2026-27 दिनांकः- 17/06/26

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ।

2. आयुक्त महोदया, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।

3. जिलाधिकारी महोदया, श्रावस्ती।

4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।

5. मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई/ फर्म मेसर्स (GA NFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED.)

6. मेसर्स सेन्सियस प्रा.लि. (थर्ड पार्टी इन्पेक्शन)/डी.पी.एम.यू. श्रावस्ती।

Submitted for orders/approval please.

मुख्य विकास अधिकारी

श्रावस्ती।